पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय की बैठक सम्पन्न

लखनऊः 30 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक की अध्यक्षता में आज राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के राज्यपाल इलाहाबाद संग्रहालय के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

राज्यपाल ने बैठक में कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय की अपनी पहचान है जिसे और स्तरीय बनाये जाने की जरूरत है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर्षित हों। बैठक में इलाहाबाद संग्रहालय पर बनायी गयी 30 मिनट की डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गयी। बैठक में बताया गया कि डाक्यूमेंट्री फिल्म 2.25 लाख रूपये की लागत से बनी है जिसमें प्रख्यात उद्घोषक शम्मी नारंग ने अपनी आवाज दी है।

श्री नाईक ने कहा कि संग्रहालय से संबंधित न्यायालय में लम्बित वाद के शीघ्र निपटारे के लिये उचित पैरवी की जाये। इस अवसर पर पूर्व बैठक के कार्यवृत्त को अनुमोदित भी किया गया। बैठक में राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जुथिका पाटणकर, संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।